समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या : AD-4821-33
दिनांक : 28/2/23

प्रेषक,

**कुलसचिव,**
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष, कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, विधि, योगा व ललित कला संकाय ल०वि०वि०।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, कला, विज्ञान, वाण्जिय, शिक्षा, विधि, योगा व ललित कला संकाय ल०वि०वि०।
3. समस्त निदेशक / समन्वयक, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम ल०वि०वि०।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया प्रो० मुकेश पाण्डेय, कुलपति, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (आयोजक – संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2023) के पत्र संख्या– एस०वी०सी०/2023/1857 दिनांक 13.02.2023, जो संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2023 में छात्र/छात्राओं के सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से जागरूक करने एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारियों के प्रसार–प्रचार से सम्बन्धित है (छायाप्रति संलग्न), का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

उपरोक्त के सम्बन्ध में कृपया अपने स्तर से संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2023 के बारे में छात्र/छात्राओं को जागरूक करने एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारियों का प्रसार–प्रचार कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकें।

भवदीय
28.2.23
(संजय मेधावी)
कुलसचिव

पत्र संख्या : .................................... दिनांक : ....................

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित : –

1. निजी सचिव, कुलपति जी, माननीय कुलपति जी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, कुलपति जी, माननीय कुलपति जी, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को सूचनार्थ।
3. निदेशक, आई०पी०पी०आर० लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. इन्चार्ज वेबसाइट, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की प्रत्याशा में प्रेषित।

भवदीय

(संजय मेधावी)

ुकेश पाण्डेय
कुलपति

rof. Mukesh Pandey
Vice-Chancellor

AN24
7/2/2023

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय
झाँसी – 284 128 (उ. प्र.) भारत

BUNDELKHAND UNIVERSITY
JHANSI - 284 128 U.P. (INDIA)
(STATE UNIVERSITY OF U.P.)

पत्रांकः– एस.वी.सी./2023/1857  633    दिनांकः– 13.02.2023

प्रिय महोदय,

आप अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी उ0प्र0 संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2023 का आयोजन करा रहा है। संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया दिनांक 10 फरवरी, 2023 से प्रारम्भ है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 10 मार्च, 2023 निर्धारित है तथा प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 24 अप्रैल 2023 को प्रस्तावित किया गया है।

मेरा आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त संकायों के स्नातक अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के विद्यार्थियों को संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय के स्तर से जागरुक करने एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित जानकारियों के प्रसार – प्रचार हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक संख्या में आपके विश्वविद्यालय के विद्यार्थी संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा 2023 में सम्मिलित होकर बी. एड. पाठ्यक्रम से लाभान्वित हो सकें।

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय बी. एड. की प्रदेश स्तर की प्रवेश परीक्षा का आयोजन पूर्ण शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता के साथ कराने हेतु प्रतिबद्ध है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमेशा की भाँति इसमें आपका व्यक्तिगत तथा आपके विश्वविद्यालय के स्तर से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

सद्भावनाओं सहित,

(प्रो. मुकेश पाण्डेय)
कुलपति

प्रो. आलोक राय
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

Registrar

16/02/23

R 16/2/23

NAAC B++ Accredited, NIRF Ranked, ISO:9001-2015 Certified, State University of U.P.

Phone : 0510 - 2320497, 2321390 (O) 2320046 (R), 9076501601, 9425392415 (M)
Fax : 0510 - 2320761 (O), 2320762 (R), email : vc@bujhansi.ac.in  www.bujhansi.ac.in